हरियाणा विधान सभा
अधिवेशन

फरवरी-मार्च 2023

शोक प्रस्ताव

शोक प्रस्ताव संख्या – 1

श्री भूपेन्द्र चौधरी, हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य

यह सदन हरियाणा विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री भूपेन्द्र चौधरी के 7 मार्च, 2023 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म पहली मई, 1949 को हुआ। वे वर्ष 2005 में हरियाणा विधान सभा के सदस्य चुने गये। वे समाज के गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए सदैव समर्पित रहे।

उनके निधन से राज्य एक योग्य विधायक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

———————

शोक प्रस्ताव संख्या – 2

श्री सतीश कौशिक, एक प्रसिद्ध अभिनेता

यह सदन प्रसिद्ध अभिनेता श्री सतीश कौशिक के 9 मार्च, 2023 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 13 अप्रैल, 1956 को महेन्द्रगढ़ जिले में हुआ। वे अभिनेता, निर्देशक, निर्माता, हास्य अभिनेता और पटकथा लेखक थे। वे हरियाणा फिल्म प्रमोशन बोर्ड के चेयरमैन भी थे। फिल्म जगत में अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें अनेक पुरस्कारों से अलंकृत किया गया था।

उनके निधन से देश एक सुप्रसिद्ध अभिनेता की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

–––––––

शोक प्रस्ताव संख्या – 3

हरियाणा के शहीद

यह सदन प्रदेश के उन वीर सैनिकों को अपना अश्रुपूर्ण नमन करता है, जिन्होंने मातृभूमि की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

इन वीर सैनिकों के नाम इस प्रकार हैं :

1. सूबेदार राजेश कुमार, गांव लक्ष्मणपुरा, जिला भिवानी।
2. लीडिंग सीमैन अमित श्योराण, गांव बेरला, जिला चरखी दादरी।
3. नायक सतीश कुमार, गांव जमावड़ी, जिला हिसार।
4. नायक योगेश, गांव महराना, जिला झज्जर।
5. सिपाही अशोक कुमार, गांव ढाणी जाजमा, जिला महेन्द्रगढ़।
6. सिपाही अजय कुमार, गांव गहली, जिला महेन्द्रगढ़।
7. सिपाही अनिल कुमार, गांव किलाजफरगढ़, जिला जींद।

यह सदन इन वीरों की शहादत पर शत्–शत् नमन करता है और शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

–––––––

शोक प्रस्ताव संख्या – 4

यह सदन

सांसद श्री रमेश चन्द्र कौशिक के ससुर, **श्री ओम प्रकाश कौशिक;**

सांसद श्री कार्तिकेय शर्मा की बुआ सास, **श्रीमती कुसुम शर्मा;**

तथा

विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा की माता, **श्रीमती निर्मल मल्होत्रा;** के दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

यह सदन दिवंगतों के शोक–संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

—————

10271—D.I.P.R.L. & C.—H.G.P., Pkl.